# आओ गणेश मनाएं | By Rahul Kakkar

आओ पहले शुभ काम में हम आदि गणेश मनाएं
हम आदि गणेश मनाएं, हम आदि गणेश मनाये
हम आदि गणेश मनाएं,..........
श्रद्धा भक्ति विश्वास से हम अपने घर में बुलाएं
आओ पहले शुभ काम में हम आदि गणेश मनाएं

चन्दन की चौकी को फूलों से खूब सजाएँ
फिर गणपति की मूरत को उस आसन पर बैठाएं
रोली चन्दन से माथे पर मिलकर के तिलक लगाएं
आओ पहले शुभ काम में हम आदि गणेश मनाएं

पान फूल फल लड्डू मेवे का थाल सजाएँ
फिर जी भर के गणपति को इन सबका भोग लगाएं
केसर का दूध बना के श्रद्धा से इन्हे पिलायें
आओ पहले शुभ काम में हम आदि गणेश मनाएं

रिद्धि सिद्धि शुभ लाभ, दत्ता कहता घर आएं
जो गणपति जी को पूजे वो मनवांछित फल पाए
राहुल फ़कीर बन के भक्ति में लीन हो जाए
आओ पहले शुभ काम में हम आदि गणेश मनाएं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%82-by-rahul-kakkar/